सार-समाचार

शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राव गोपाल सिंह आसोलिया के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष डॉ कमलेश एवं प्रतिनिधि मंडल ने उदयपुर प्रवास पर आए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को ज्ञापन सौंप कर राजस्थान में शिक्षक एवं कर्मचारियों के लिए स्थाई एवं पारदर्शी स्थानांतरण नीति शीघ्र लागू करने हेतु ज्ञापन दिया। मीडिया प्रभारी आसोलिया ने बताया कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखा जावे वही न्यायालय में प्रकरणों के चलते उप प्रधानाचार्य पदों को तत्काल समाप्त कर पूर्ववर्ती व्यवस्था लागू की जाए जिसमें व्याख्याता एवं प्राध्यापक से सीधे प्रधानाचार्य पद पर शत प्रतिशत पदोन्नति प्रक्रिया लागू की जावे वही राजस्थान में साठ हजार से अधिक प्राध्यापकों के लिए सम्मानजनक एसीपी तृतीय एसीपी एल 16 में स्वीकृत की जावे विद्यालयों में भौतिक संसाधनों के लिए सरकार द्वारा हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा प्रत्येक विधानसभा के लिए पहली बार 3 करोड रुपए का प्रावधान रखा है । क्योंकि इसकी मांग बजट से पूर्व मीडिया प्रभारी आसोलिया द्वारा सरकार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं मुख्यमंत्री को प्रस्तुत की गई थी जिसकी घोषणा सम्मान योग्य है वहीं बजट के दौरान 250 करोड रुपए का प्रावधान विद्यालय भवनों की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए प्रावधान किया गया था।

योग पर पुस्तक का विमोचन

उदयपुर, (कासं)। मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के परिसर में योग केंद्र द्वारा अनवरत निशुल्क योग के चलते हुए 1008 दिवस पूर्ण के उपलक्ष में सम्मान समारोह आयोजित किया एवं योग पर पुस्तक का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर सुनिता मिश्रा, क्रीड़ा मंडल अध्यक्ष प्रोफेसर नीरज शर्मा, निदेशक एफएमएस प्रोफेसर मीरा माथुर, योग केंद्र समन्वयक डॉ. दीपेन्द्रसिंह चौहान, क्रीड़ा मंडल सचिव डॉ भीमराज पटेल, क्रीड़ा मंडल सहायक निदेशक हेमराज सिंह चौधरी, के.जी. मुन्दड़ा, यतींद्र सिंह बाबेल, नरेन्द्र कुमार सनाढ्य, सुरेश पालीवाल, राजू खींची, प्रीतम सिंह जी चुण्डावत, डॉ. बी.एल.कुमार, वरिष्ठ योगाचार्य डॉ. मीना बाबेल, सभी योग प्रशिक्षक, योग क्लब के संरक्षक के.के. शर्मा, अध्यक्ष सुधीर पोद्दार उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रोफेसर नीरज शर्मा ने योग और गीता के बारे में जानकारी दी। कुलपति प्रोफेसर सुनीता मिश्रा ने सभी योग साथियों, योग प्रशिक्षकों की सराहना की । समारोह में भी योग के प्रति समर्पित 52 योगाचार्य और 151 को मॉर्निंग योगा क्लब ने अपनी ओर से मोमेंटो देकर सम्मानित किया 50 वर्ष के उपर की आयु के पुरुष व महिलाओ ने प्रस्तुति दी ।इतने लंबे अंतराल तक इस योग केंद्र को सुचारू रूप से चलाने में विवि प्रशासन व योग केंद्र समन्वयक डॉ. दीपेन्द्रसिंह चौहान का विशेष सहयोग रहा सभी योग प्रशिक्षक, संरक्षक के.के.शर्मा, अध्यक्ष सुधीर पोद्दार व भंवर चोधरी एवं सभी साथियों का बहुत योगदान है। समारोह की व्यवस्था कायम करने में विशेषकर महेश शर्मा ,योगेंद्र शर्मा भंवर सालवी, महेश पालीवाल, मनोज घरबड़ा, अंजू जैन एवं सभी साथियों ने पूर्ण सहयोग किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कल उदयपुर आएंगे

उदयपुर, (कासं)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा 3 सितंबर कोउदयपुर आएंगे। वे उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाली खेरवाडा विधानसभा के ऋषभदेव ब्लॉक एवं खेरवाडा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यालय का उद्घाटन कर कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे।देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने बताया कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा मंगलवार सुबह 8 बजे जयपुर से हवाई मार्ग से प्रस्थान कर प्रातः 9.15 बजे महाराणा प्रताप एयरपोर्ट,डबोक पहुंचेंगे जहां देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी के नेतृत्व में पदाधिकारी एवम कांग्रेसजन उनका स्वागत करेंगे। वहां से सडक मार्ग से 10 बजे खेरवाडा विधानसभा के ऋषभदेव ब्लॉक में पहुंचेंगे और ऋषभदेव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय का उद्घाटन कर कार्यकर्ता सम्मेलन संबोधित करेंगे तत्पश्चात दोपहर 12.45 बजे खेरवाडा विधानसभा के खेरवाडा ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय के नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन कर कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। जहां से वे सीमलवाडा पहुंचेंगे और डूंगरपुर जिले की चौरासी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। तत्पश्चात 6.30० बजे गलियाकोट जाकर शीतला माता जी मंदिर में दर्शन कर फखरुद्दीन बावजी की दरगाह में जियारत करेंगे। डोटासरा बुधवार को प्रातः 10 बजे सलूंबर विधानसभा क्षेत्र जाकर कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

सूफियाना कलाम पेश कर बांधा समा

उदयपुर, (कासं)। मस्तान बाबा का 27 वा उर्स मुबारक के दूसरे दिन इतवार को देश के मशहूर कव्वाल कौनेन वारसी ब्रदर्स ने सूफियाना कलाम पेश कर समा बांधा। मस्तान बाबा दरगाह ट्रस्ट के प्रवक्ता अनीस इकबाल ने बताया कि वादी ए मस्तान, मुल्लातलाई, उदयपुर में सय्यद ख्वाजा मुहम्मद अब्दुर्रऊफ उर्फ मस्तान बाबा का 27 वा उर्स मुबारक के दूसरे दिन इतवार को दोनों वक्त जयरिनों के लिए माकूल लंगर का इन्तेजाम किए गए । बाद नमाज ईशा देश के मशहूर कव्वाल कोनेन वारसी ब्रदर्स ने जश्ने मस्तान में मस्तान बाबा के शान में अपना मशहूर कलाम आज है नूर की बरसात हुसैन आए है व दामने तालब फेला कर है या मस्तान पुकारा करते है जैसे कलाम पेश किया कव्वाल महबूब साबरी, रामपुर(यू.पी) ने अपना मशहूर कलाम नजर में जलवे समा रहे है वो रुख से पर्दा उठा रहे है । इस मुबारक मोके देर रात तक सभी जयरिनों ने सूफियाना कलामो का लुफ्त उठाया । आज देश- प्रदेश के हजारों की संख्या में जयरिनों ने हाजरी दी साथ ही इस मोके पर दरगाह के चीफ ट्रस्टिं पूर्व केंद्रीय मंत्री सीएम इब्राहिम ने समस्त ट्रस्ट मेम्बर के साथ आवशयक बैठक रखी जिसमे उर्स से सम्बंधित जयरिनों के लिए अच्छी से अच्छी व्यवस्था करने के लिये कहा।

स्वतंत्रता आंदोलन में घुमंतू जातियों का अतुलनीय योगदान : शिक्षा मंत्री

उदयपुर, (कासं)। देश की स्वतंत्रता के लिए हुए आंदोलन में घुमंतू जातियों का योगदान अतुलनीय है। घुमंतू जातियां देश की धरोहर हैं, इन्हें समाज की मुख्य धारा से जोडने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भी मंशा घुमंतू जातियों का कल्याण करने की है। ये बातें पंचायतीराज एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने रविवार को उदयपुर दौरे पर पंचायत समिति गिर्वा सभागार में घुमंतू जाति उत्थान न्यास द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पूर्व में गाड़िया लौहारों समेत अन्य घुमंतू जातियों के लोगों के नाम मतदाता सूचियों में नहीं होने के कारण इन्हें देश

■ घुमंतू जाति उत्थान न्यास द्वारा संवाद कार्यक्रम आयोजित

का नागरिक नहीं माना जाता था तथा किसी भी सरकार ने इस दिशा में कोई प्रयास नहीं किया। मैंने हमारी सरकार के समय चुनाव आयोग से अपील कर राजस्थान के लगभग 10 हजार से अधिक लोगों के नाम मतदाता सूचियों में जुडवाए। सौभाग्य से इस बार पंचायती राज विभाग मेरे पास है। मैं इन जातियों की सेवा में कोई कसर नहीं छोडूंगा।

घुमंतू जाति उत्थान न्यास की ओर से आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते मदन दिलावर।

दिलावर ने कहा कि घुमंतू जातियों को अल्पसंख्यकों के लिए अपनाई जाने वाले प्रक्रिया की तर्ज पर कार्यवाही करते हुए पट्टे वितरित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। आगामी 2 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के माध्यम से पट्टे वितरित किये जाएंगे। हमारा प्रयास है कि पट्टे वितरण के बाद सभी को प्रधानमंत्री आवास योजना का भी लाभ मिले। उन्होंने कहा कि प्रमाण पत्र बनाने की जिम्मेदारी ग्राम विकास अधिकारियों एवं बीडीओ की है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने कहा कि राज्य सरकार ने घुमंतू जातियों की सुध ली है। निकट भविष्य में घुमन्तू जातियों से संबंधित परिवारों को पट्टे वितरण का कार्य किया जाएगा। पट्टा वितरण अभियान के तहत इन जातियों के पात्र व्यक्तियों को लाभ अवश्य मिलना चाहिए। इस अवसर पर खेरवाड़ा के पूर्व विधायक नानालाल अहारी, जिला परिषद सीईओ कीर्ति राठौड़, समाजसेवी रविन्द्र श्रीमाली, चंद्रगुप्त सिंह चौहान, प्रभुलाल व बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन भी संवाद कार्यक्रम में मौजूद रहे।

देवराज के घर पहुंचे शिक्षा मंत्री

उदयपुर, (कासं)। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर रविवार को उदयपुर प्रवास के दौरान स्व.देवराज मोची के घर पहुंचे तथा परिजनों को ढाढ़स बंधाया। शिक्षा मंत्री गिर्वा पंचायत समिति में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात स्व.देवराज के घर पहुंचे। इस दौरान उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, समाजसेवी रविन्द्र श्रीमाली, चंद्रगुप्तसिंह चौहान आदि भी साथ रहे। दिलावर ने दिवंगत छात्र देवराज की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही परिजनों को सांत्वना देते हुए पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए आश्वस्त किया। उल्लेखनीय है कि गत दिनों स्कूली छात्रों के विवाद में चाकू के वार से देवराज गंभीर रूप से घायल हो गया था तथा एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी।

गोग्रास कराया

डूंगरपुर, (निसं)। गौग्रास के उद्देश्य से समर्पित सेवा समिति के सदस्यों द्वारा गौशाला में 7 क्विंटल हरी सब्जी से गौवंश को गोग्रास कराया। सेवा समिति के सदस्यों द्वारा प्रत्येक रविवार को गौग्रास के साथ साथ गौशाला में पर्यावरण सरंक्षण के लिए वृक्षों के सार संभाल का भी कार्य किया जाता है।

जल ग्रहण क्षेत्र में पहाड़ियों की हो रही कटाई : कुशल रावल

उदयपुर, (कासं)। टूरिज्म व ट्रैवल से जुडे पोर्टल द्वारा पर्यटकीय दृष्टि से पिछोला को विश्व की खूबसूरत झीलों की सूची में शामिल करना पर्यटन व्यवसाय बढोतरी के लिए खुशी का विषय हो सकता है। लेकिन वास्तविक खुशी तब होगी जब पिछोला सहित उदयपुर की सभी झीलें पर्यावरण व पारिस्थिकी की दृष्टि से विश्व की सर्वश्रेष्ठ झीलें घोषित हो ।

यह विचार रविवार को पिछोला की अस्वच्छ व प्रदूषित स्थिति को देख झील प्रेमियों ने व्यक्त किए। झील प्रेमियों ने पाया कि दूध तलाई सीसारमा मार्ग पर झील किनारे पंद्रह स्थानों पर कंस्ट्रक्शन वेस्ट के ढेर लगे हैं, झील में नदी के प्रवेश स्थल पर शहरी कचरा जमा है । झील सतह पर कचरा तैर रहा है। झील विशेषज्ञ डॉ अनिल मेहता ने कहा कि झीलों की असली पहचान व अस्तित्व परस्पर जुडे जल तंत्र , जलीय जैव विविधता, देशी प्रवासी पक्षियों की संख्या , पहाडों व वनों से समृद्ध जल ग्रहण क्षेत्र तथा आध्यात्म से भरे घाटों से है। यह दुर्भाग्य है कि भारत की जल

झील प्रेमियों ने देखा दूध तलाई झील किनारे पंद्रह स्थानों पर कंस्ट्रक्शन वेस्ट के ढेर लगे हैं।

संस्कृति की सूचक ऐतिहासिक झीलों की पहचान लक्जरी होटलों वाले एक रोमेंटिक स्थान के रूप में बनाई जा रहीं है। झील विकास प्राधिकरण के पूर्व सदस्य तेज शंकर पालीवाल ने कहा कि झील में गंदे पानी का प्रवेश निरंतर जारी है। घाटों पर गंदगी पसरी है। किनारों खत्म किए जा रहे है। झील जल की गुणवत्ता खराब है। गांधी मानव कल्याण सोसायटी के निदेशक नंद किशोर शर्मा ने कहा कि टूरिज्म व ट्रैवल व्यवसाय की जरूरत है। लेकिन यह झीलों के पर्यावरणीय स्वास्थ्य की कीमत पर नहीं किया जाना चाहिए। युवा पर्यावरणविद कुशल रावल ने कहा कि जल ग्रहण क्षेत्र में पहाड़ियों की निरंतर कटाई हो रही है। वहां विशाल होटल व रिसोर्ट बन रहे है। यह सब झीलों के अस्तित्व पर गंभीर संकट है। वरिष्ठ नागरिक पल्लब दत्ता तथा द्रुपद सिंह ने कहा कि झीलों पर पहला हक मछलियों व अन्य जलीय जीवों, पक्षियों का है। उनके हक में हो रही इंसानी घुसपैठ के गहरे दुष्परिणाम भुगतने पडेंगे।

सार-समाचार

अफीम डोडा चूरा जब्त,तीन गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। सविना थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से पैतीस लाख रूपये की एमडीएमए व अफीम डोडा चुरा जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी अजयसिंह राव के नेतृत्व में गठित दल ने मादक पदार्थ कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए रेस्टोरेंट संचालक मनोज सनाढ्य पुत्र महेश सनाढ्य निवासी गंगरार वार्ड नं.17 गंगरार चित्तोड़गढ हॉल प्रभात नगर सेक्टर 5 हिरणमगरी के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 67.710 ग्राम एमडीएमए, राजेन्द्र कुमार पुत्र पृथ्वीराज मेघवाल निवासी सुरेवाला वार्ड नं. 7 थाना टिब्बि जिला हनुमानगढ हॉल गैलेक्सी रूफटोप रेस्टोरेंट एवं होटल चांदपोल उदयपुर के कब्जे से 48.400 ग्राम एमडीएमए तथा मनोहर लाल पुत्र भाखराराम विश्नोई निवासी भंवार थाना सेडवा बाडमेर हॉल गैलेक्सी रेस्टोरेंट चांदपोल अम्बामाता के कब्जे से 66.600 ग्राम व 69.770 ग्राम अवैध अफीम डोडा पाउडर मय स्कूटी जब्त कर तीनों को गिरफ्तार किया। आरोपी होटल एवं रेस्टोरेंट का संचालन करते है व आने वाले ग्राहकों को अवैध मादक पदार्थ सपलाई करने का काम करते है।

देह व्यापार का दबाव डालने वाला धरा

उदयपुर, (कासं)। शहर के सुखेर थाना पुलिस ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवतियों से देहव्यापार करने का दबाव डालने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत के नेतृत्व में एएसआई लालसिंह मय टीम ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर भेरवगढ जाने वाले तिराहे के पास 200 फीट रोड़ पर पहुंच कर संदिग्ध कार को रोक तलाशी ली। इस पर उसमें सवार प्रभूलाल एवं बाूलराम मेघवाल निवासी बस स्टेण्ड के पास आसिन्द भीलवाड़ा के साथ में तीन महिलाए थी। पूछताछ में तीनों मुम्बई, आसाम एवं वेस्ट बंगाल को होने की जानकारी दी। पूछताछ में तीनों ने आरोपी प्रभूलाल द्वारा शहर में नौकरी दिलाने का झांसा देकर बुलाने एवं सभी को काम करने के बहाने देह व्यापार करने का दबाव डालने की जानकारी दी। इस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। मामले में अनुसंधान अधिकारी एएसआई सरदारसिंह ने आरोपी प्रभूलाल को न्यायालय में पेश कर चार दिन के लिए पुलिस रिमाण्ड पर लिया है।

नकदी चोरी का मामला दर्ज

उदयपुर,(कासं)। बस में सवार यात्री के बैग से नकदी चोरी करने के मामले में सूरजपोल थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। प्रकरण के अनुसार अजीतगढ सीकर निवासी बसन्त कुमार पुत्र राजकुमार ब्राम्हण ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मैं जयपुर व सीकर स्थित प्लाई की कम्पनी में काम करता हूं तथा गत दिनों में शहर में व्यापारियों से रूपये उगाही करने आया था एवं 3 लाख 6 हजार रूपये वसूल कर वापस बस से लौट रहा था। 31अगस्त को उदियापोल बस स्टेण्ड पर बस मे बैठ कर वापस जयपुर लौट रहा था। बस में बनी रेक में बैग रखने के बाद सीट पर बैठ गया। कुछ ही देर बाद पानी पिने के लिए बैग की तरफ देखा तो चेन खुली थी। इसी दौरान दो सिंदग्ध व्यक्ति बैग से नकदी लेकर फरार हो गए। जिनका पिछा किया लेकिन सुराग नहीं लगा।

बज्मे रजा आज

उदयपुर, (कासं)। शहर के सज्जन नगर बी ब्लॉक 80 फीट रोड स्थित मस्जिद नूरुल इस्लाम में बज्मे रजा मुस्तफा 8० फीट रोड के तत्वाधान में सोमवार रात्रि बाद नमाजे ईशा दूसरी ब मे रजा आमदे माहे रबीउल अव्वल व 106 वां उर्से आला हजरत के मौके पर आयोजित की जाएगी। जिसमें मेहमानी खुसूसी महाराष्ट्र मुंबई से सनाख्वां हजरत मौलाना मोहम्मद रफीक रजा कादरी व गुजरात सूरत से हजरत साबिर रजा अजहरी तशरीफ लाएंगे। बज्म मे रजा में तकरीर खलीफा, हुजूर काइदे मिल्लत व हुजूर शहबाजे दक्कन हजरत मौलाना मोहम्मद मुसन्ना रजवी जहांगीरी करेंगे। बज्म मे रजा खलीफा हुजूर ताजुश्शरिया हजरत मौलाना मोहम्मद हुसैन रिजवी जहांगीरी की सरपरस्ती व फाजिले जमीआ तुर्र रजा हजरत मौलाना मुफ्ती आकिब अहमद रिजवी की कयामत व सदारत हाफिज मोहम्मद आरिफ अकबरी इमाम मस्जिद नूरुल इस्लामए संचालन हाफिजो कारी आलम हुसैन नूरानी मस्जिद गांधीनगर उदयपुर करेंगे।

हादसे में अधेड़ की मोत

उदयपुर, (कासं)। ऋषभदेव हाइवे पर बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानाकरी के अनुसार शनिवार सांय ऋषभदेव थाना क्षैत्र कागदर हाइवे पर बाइक ने कागदर माण्डवा निवासी शंकर(50)पुत्र भीमजी मीणा को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल होने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल शिवनारायण ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सोंप दिया। शंकर कागदर हाइवे पर खड़ा था। इस दौरान बाइक ने उसे चपेट में ले लिया था।

दुष्कर्म का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। दोस्ती कर युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने गणेशलाल नामक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि काम करने के दौरान आरोपी ने किसी कर्मचारी के जरिये मुझे दोस्ती करने की बात कही। गत दिनों आरोपी ने मुझसे दोस्ती कर मेरे साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

दिव्यांग व निर्धन सामूहिक विवाह में 51 जोड़े बने हमसफर

उदयपुर, (कासं)। जनम -जनमों के लिए दो तन एक प्राण के साथ रिश्तों की डोर बंधी तो मन मयूर नाच उठा। नारायण सेवा संस्थान के बडी ग्राम स्थित परिसर में रविवार को 42 वें निःशुल्क दिव्यांग एवं निर्धन सामूहिक विवाह के इन यादगार लम्हों के साक्षी बने अपनों के दुलार ने 51 जोडों की दिव्यांगता और गरीबी के दंश को भुला दिया और खुशी की नई राहों ने इन्हें निमंत्रण दिया।

देशभर से बडी संख्या में आए

■ नारायण सेवा का 42 वाँ दिव्यांग एवं निर्धन सामूहिक विवाह समारोह आयोजित

दिव्यांग एवं निर्धन सामूहिक विवाह में वरमाला पहनाते हुए दुल्हन।

अतिथियों व धर्म माता-पिताओं ने इन जोडों को प्रधानमंत्री के आव्हान एक पेड मां के नाम थीम पर नवविवाहितों को तुलसी, अशोक, बिल्व और पीपल के पौधे भेंट करते हुए दाम्पत्य जीवन हरा भरा रहने का आशीर्वाद दिया। इस तरह के स्नेह लुटाते हुए वातावरण ने हर किसी को अपनेपन से भर दिया।

नारायण सेवा संस्थान के संस्थापक पद्मश्री कैलाश मानव सहसंस्थापिका कमला देवी अग्रवाल, अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, निदेशक वन्दना अग्रवाल, ट्रस्टी देवेंद्र चौबिसा व विशिष्ट अतिथि दिल्ली के कुसुम गुप्ता, नरेंद्रपाल सिंह, सत्यनारायण गुप्ता, बृजबाला, अलवर के पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा, गुडगांव के नितिन मित्तल, सूरत के हरीश कुमार, मुंबई के सतीश अग्रवाल और उदयपुर के संतोषसिंह शलूजा ने वैदिक मंत्रोचार के बीच गणपति की छवि के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विवाह समारोह की पारंपरिक रस्मों की शुरुआत की। इससे पूर्व परिसर में दूल्हा- दुल्हनों की गाजे-बाजे के साथ बिंदोली निकाली गई। हाडा सभागार के द्वार पर दुल्हों ने नीम की डाली से तोरण रस्म का निर्वाह किया। इसके बाद श्रीनाथजी की झांकी की आरती के साथ ही वर वधुओं का मंच पर प्रवेश हुआ। सजे-धजे डोम में हजारों की मौजूदगी में वरमाला एवं आशीर्वाद समारोह संपन्न हुआ। दूल्हा-दुल्हन ने परस्पर बारी-बारी से वरमाला पहनाकर हमेशा के लिए रिश्तों की डोर को उल्लास से अपने साथ जोड लिया। तालियों की गडगडाहट और मंगल गीतों की समधुर गूंज की आल्हादित करती वेला, पुष्प वर्षा और आतिशबाजी ने वातावरण को भव्यता प्रदान की। इस दौरान बाहर से आए अतिथियों में फोटो व सेल्फी लेने की होड मच गई। जोडों में कोई दूल्हा दिव्यांग था, तो कोई दुल्हन। कोई दोनों ही दिव्यांग। कोई बैशाखी सहारे तो कोई व्हीलचेयर पर था। इनमें जन्मजात प्रज्ञाचक्षु जोडा भी शामिल था। वरमाला के बाद 51 वेदियों पर नियुक्त आचार्यों ने मुख्य आचार्य के निर्देशन में वैदिक मंत्रों के साथ पवित्र अग्नि के सात फेरों की रस्म अदायगी के साथ पाणिग्रहण संस्कार संपन्न करवाया। इस दौरान जूते छुपाई और नेग अदायगी रस्म भी निभाई गयी। विदाई के वक्त सभी की आंखें नम थी दुल्हनों को डोली में बिठाकर उनके विश्राम स्थल तक पहुंचाया गया,जहां से संस्थान के वाहनों से दूल्हा-दुल्हन ने गंतव्य के लिए प्रस्थान किया।

उदयसागर की पाल पर लगा पारम्परिक मेला

उदयपुर, (कासं)। रक्षाबंधन के बाद तेरस रविवार के मौके पर उदयसागर की पाल पर भव्य मेला आयोजित हुआ। मेले में युवाओं के साथकृसाथ महिलाओं ने जमकर खरीददारी की तो वहीं दूसरी और झूलें और डोलर में झूलकर लोगों ने मेले का आंनद उठाया।मेले में महिलाओं ने घरेलू सामान के साथ साथ सजने सवरने के आईटमों की खरीददारी की। मेले में पुरूष ओर महिलाओ के साथ में होने से मेलें में अच्छी खासी भीड थी। प्रशासन ने इस मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हुए थे ताकि किसी तरह की कोई परेशानी नही हो। मेले में जगह-जगह पुलिस के जवान तैनात किए गए। बिछडी सरपंच धर्मी गमेती ने बताया कि इस एक दिवसीय में 20 से 25 हजार लोग मेले में पहुंचे और मेले का आंनद लिया। पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश के बाद शनिवार और रविवार को बारिश नहीं होने से मेले में अच्छी खासी भीड रही। पूर्व सरपंच कमल सिंह ने बताया कि वर्षो से रक्षाबंधन के बाद तेरस के मौके पर उदयसागर की पाल पर ठाकुरजी पालकी में विराजित होकर पाल के भ्रमण पर निकलते हैं। ऐसे में रविवार को ठाकुरजी की रामरेवाडी निकाली गई। इसमें बिछडी ग्राम पंचायत के सैकडो लोगों ने भाग लिया और ठाकुरजी पाल का भ्रमण करने के बिछडी उपसरपंच लोकेश पालीवाल ने बताया कि उदयसागर की पाल पर लगने वाले मेले का उद्घाटन चित्तौडगढ सांसद सीपी जोशी ने किया।

हिंदुस्तान जिंक की योजना से ग्रामीण व आदिवासी बच्चे लाभान्वित

उदयपुर/राजसमंद (कासं)। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड को 28 वें भामाशाह पुरस्कारों में 6 इकाईयों को सम्मानित किया । भामाशाह पुरस्कार हिंदुस्तान जिंक के चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर, जिंक स्मेल्टर देबारी, राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स, जावर माइन्स, रामपुरा आगुचा माइन एवं कायड माइन को शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक योगदान के लिए प्रदान किया गया। हिन्दुस्तान जिंक ने शिक्षा के क्षेत्र में विगत 3 वर्षो में शिक्षा संबल एवं अन्य शैक्षिक परियोजनाओं में 92 का योगदान किया है जिसमें से गत वर्ष 19 करोड़ के सहयोग हेतु यह पुरस्कार मिलें।

यह पुरस्कार उदयपुर के मोहनलाल सुखाडिया विवि के विवेकानंद सभागार में राज्य सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, आदिवासी विकास मंत्री बाबूलाल खराडी ने यह पुरस्कार सासंद डॉ. पन्ना लाल रावत, विधायक चुन्नी लाल गरासिया, फूल सिंह मीणा, प्रताप लाल गामेती,, ताराचंद जैन उदयलाल डांगी, डॉ. गोविंदसिंह डांग श्रीमती ममता कुँवर जिला प्रमुख कृष्ण कुणाल शासन सचिव आशीष मोदी, सीताराम जाट, रवीन्द्र श्रीमाली, चंद्रगुप्त सिन्हा, नाना लाल, भंवर लाल पंवार, पुष्कर तेली एवं बंसीलाल खटीक की उपस्थिति में प्रदान किये। हिंदुस्तान जिंक ने हमेशा बालिका शिक्षा को बढावा देते हुए उन्हें सफलता हेतु हर संभव सहायता प्रदान की है। ये पुरस्कार शिक्षा क्षेत्र के प्रति हिंदुस्तान जिंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और ग्रामीण समुदायों को

जिंक टीम को सम्मानित करते शिक्षा मंत्री मदन दिलावर एवं आदिवासी विकास मंत्री बाबूलाल खराडी।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच को सक्षम कर साक्षरता के लिए की गई सीएसआर पहल की विश्वसनीयता को और मजबूत करती है। इन कार्यो में शिक्षा स्बल परियोजना के तहत् राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में गणित, अंगे जी, व विज्ञान विषयाध्यापकों की अतिरिक्त व्यवस्था, विद्यालयों का जीर्णोद्धार, नंदघरों का निर्माण, उंची उडान कार्यक्रम में आईआईटी हेतु कोचिंग, छात्राओं को रिंगस महाविद्यालय में उच्च शिक्षा हेतु सहयोग, पुस्तकालय व प्रयोगशाला हेतु फर्नीचर एवं सुरक्षा उपकरण, अध्यापको के अध्ययन हेतु पुस्तकें एवं अध्ययन सामग्री, राजकीय अध्यापको हेतु कार्यशाला, ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर, शिक्षा संबंल के अन्तर्गत नियुक्त किये गये अध्यापकों का आमुखीकरण प्रशिक्षण, बाल कल्याण केन्द्र के छात्र छात्राओं को शुद्ध पेयजल, गणवेश वितरण, ब्लॉक स्तरीय खेलकुद प्रतियोगिताओं में सहयोग, ब्लॉक स्तरीय विज्ञान मेले में आर्थिक सहयोग, अलग-अलग राजकीय विद्यालयों में कक्षा-कक्षो का निर्माण, बालिकाओं एवं बालकों के लिए शौचालय का निर्माण, ट्युबवेल लगवाने का कार्य, ग्रिन बोर्ड उपलब्ध कराना, विद्यालयों की छतों पर वाटर रूफींग का कार्य, भुमीगत टेंक का निर्माण, 300 से अधिक नंदघर पर शालापुर्व शिक्षा, स्वास्थ्य परिक्षण किया जा कर शैक्षिक उन्नयन हेतु खुशी कार्यक्रम द्वारा सहयोग किया गया है। हिन्दुस्तान जिंक द्वारा शिक्षा हेतु संचालित परियोजनाओं के माध्यम से प्रतिवर्ष 2 लाख से अधिक बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है।